हादसा | ग्राम उरतान की घटना, पशुपालकों का 5 लाख रुपये से अधिक का नुकसान

# आकाशीय बिजली गिरने से 10 मवेशियों की मौत





**अनूपपुर नवभारत 26 जुलाई।** जिले के कोतमा थाना क्षेत्र के ग्राम उरतान में रविवार की दोपहर आकाशीय बिजली गिरने से 10 मवेशियों की दर्दनाक मौत हो गई हैं। मृत मवेशियों में 4 बैल और 6 गाय शामिल हैं। प्रारंभिक अनुमान के अनुसार इस घटना में पशुपालकों को 5 लाख रुपये से अधिक का नुकसान हुआ है। घटना के बाद पूरे गांव एवं पशुपालकों में शोक और मायूसी का माहौल है। सूचना मिलते ही थाना कोतमा पुलिस एवं पशु चिकित्सा विभाग के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जांच कार्रवाई शुरू की।

### बारिश से बचने मवेशी एक पेड़ के नीचे रुके थे

ग्रामीणों ने बताया कि रविवार सुबह उरतान गांव से 30 से अधिक मवेशियों को चराने के लिए केशोरी के जंगल की ओर ले जाया गया था। दोपहर बाद तेज गरज-चमक के साथ बारिश शुरू हो गई। बारिश से बचने के लिए लौटते समय धवई टोला के पास मवेशी एक पेड़ के नीचे रुक गए।

### 2 से 3 बार आकाशीय बिजली गिरी

इसी दौरान लगातार 2 से 3 बार आकाशीय बिजली गिरी, जिसकी चपेट में आने से 10 मवेशियों की मौके पर ही मौत हो गई। मृत मवेशी रामप्रसाद यादव, तेजभान यादव, मोलिया यादव, जगदीश यादव, आनंदराम, लल्लाराम, हीरू बरगाही और राजेश बरगाही के बताए जा रहे हैं।

### आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग

ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र के कई परिवारों की आजीविका पशुधन पर निर्भर है। ऐसे में एक साथ इतने मवेशियों की मौत से प्रभावित पशुपालकों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मृत मवेशियों का तत्काल पंचनामा तैयार कराकर शासन के नियमानुसार प्रभावित पशुपालकों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है।




# छात्रों के समर्थन में कांग्रेस का विजय मार्च

▸ बड़ी संख्या में कार्यकर्ता हुए शामिल

**अनूपपुर, नवभारत 26 जुलाई।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार जिला कांग्रेस कमेटी अनूपपुर द्वारा 25 जुलाई की शाम जिला कांग्रेस कार्यालय से स्टेशन चौक तक विजय मार्च निकाला गया। जिलाध्यक्ष गुड्डू चौहान के नेतृत्व में निकाले गए इस मार्च में कांग्रेस के विभिन्न संगठनों, विभागों एवं प्रकोष्ठों के पदाधिकारी और कार्यकर्ता बड़ी संख्या में शामिल हुए। मार्च के दौरान राहुल गांधी जिंदाबाद सहित कांग्रेस के समर्थन में जमकर नारे लगाए गए, जिससे नगर का माहौल कांग्रेसमय नजर आया। कार्यक्रम की शुरुआत जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित संगोष्ठी से हुई।

### युवाओं के मुद्दों को लेकर कांग्रेस आवाज उठाती रही

संगोष्ठी को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष गुड्डू चौहान ने विजय मार्च के उद्देश्य और उसकी पृष्ठभूमि पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि छात्रों और युवाओं से जुड़े मुद्दों को लेकर कांग्रेस लगातार आवाज उठाती रही है। जिला कांग्रेस नेताओं ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में शिक्षा व्यवस्था से जुड़े कई गंभीर मामले सामने आए हैं।

## एक नजर में



### जिला अस्पताल में लगा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर

**अनूपपुर, नवभारत।** जिला चिकित्सालय अनूपपुर में एस.वी. सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं रिसर्च सेंटर शहडोल तथा जिला चिकित्सालय अनूपपुर के संयुक्त तत्वावधान में नि:शुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में अनूपपुर जिले के साथ-साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे और विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य परीक्षण एवं चिकित्सकीय परामर्श का लाभ लिया। शिविर में मरीजों की ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर, ऑक्सीजन लेवल सहित विभिन्न आवश्यक स्वास्थ्य जांचें नि:शुल्क की गईं। जांच के बाद विशेषज्ञ चिकित्सकों ने मरीजों की स्वास्थ्य समस्याओं का परीक्षण कर उन्हें आवश्यक उपचार, दवाओं एवं स्वास्थ्य संबंधी सावधानियों के बारे में परामर्श दिया। मेगा स्वास्थ्य शिविर में नागरिकों की उल्लेखनीय सहभागिता रही।

### जिले में 10 .3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**अनूपपुर, नवभारत।** जिले में बीते 24 घंटे के दौरान 10.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। अधीक्षक भू-अभिलेख अनूपपुर द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी के अनुसार जिले के विभिन्न वर्षामापी केंद्रों पर अलग-अलग मात्रा में बारिश दर्ज हुई। आंकड़ों के मुताबिक कोतमा में सर्वाधिक 39 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। वहीं जैतहरी में 13.2 मिलीमीटर, बिजुरी में 12 मिलीमीटर, अमरकंटक में 10.2 मिलीमीटर, बेनीबारी में 3.4 मिलीमीटर, वेंकटनगर में 2 मिलीमीटर, अनूपपुर में 1.5 मिलीमीटर तथा पुष्पराजगढ़ में 1.2 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई। इस प्रकार जिले में बीते 24 घंटे में कुल 10.3 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज हुई है।

# अनूपपुर के औद्योगिक क्षेत्र में 11 फर्मों की लीज निरस्त

▸ पूर्व मंत्री बिसाहूलाल सिंह के प्रश्न पर मंत्री कश्यप का जवाब

**अनूपपुर नवभारत 26 जुलाई।** मध्यप्रदेश सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग ने अनूपपुर जिले के कदमटोला में औद्योगिक क्षेत्र बनाया है। इसके लिए 11 औद्योगिक इकाईयों-कंपनियों-फर्मो को जमीन भी दी गई, लेकिन किसी ने भी उद्योग नहीं लगाया ।लिहाजा, राज्य शासन ने इन इकाईयों को लीज पर दी गई जमीन की लीज निरस्त कर दी। इन इकाईयों को दो साल में धरातल पर काम शुरु करना था, लेकिन ऐसा नहीं किया जा सका। 1 निवेशक को दी गई जमीन पर विवाद चल रहा। 5 इकाईयों को 30 दिन में काम करने के लिए पत्र थमाया गया है। 7 अन्य इकाईयों को भी जमीन दी गई है, इन्हें भी दो साल का समय दिया गया है। यदि इन्होंने भी काम शुरु नहीं किया तो लीज निरस्त की जा सकती है।

### 2022 में जमीन दी गई थी

जिन 17 औद्योगिक इकाईयों की लीज निरस्त की गई है, उन सभी को 2022 में जमीन दी गई थी। 2 साल में प्रोडक्शन शुरु करना था ।इसके चलते कदमटोला औद्योगिक क्षेत्र को गति नहीं मिल पा रही है। यह औद्योगिक क्षेत्र 22.796 हेक्टेयर में फैला हुआ है ।इसे राज्य शासन ने 2020 में अधिसूचित किया था, ताकि अनूपपुर में औद्योगिकीकरण को बढ़ावा मिल सके।



### प्रोडक्शन चालू करने दो साल की अवधि निर्धारित है

मध्यप्रदेश विधानसभा के मानसून सत्र में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्री चैतन्य कुमार कश्यप ने अनूपपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक पूर्व मंत्री बिसाहूलाल सिंह के प्रश्न के जवाब में बताया कि औद्योगिक क्षेत्र में लगी 5 इकाईयों में कुल 47 स्थानीय लोगों को रोजगार दिया गया है। 7 इकाईयों को उद्योग के लिए दी गई जमीन पर प्रोडक्शन चालू करने के लिए दो साल की अवधि निर्धारित है। ये सातों इस अवधि के दायरे में है।

### सैनिकों के परिवारों को दी गई साइबर सुरक्षा की जानकारी

**नवभारत, जबलपुर।** मुख्यालय मध्य भारत एरिया के अंतर्गत द ग्रेनेडियर्स रेजिमेंटल सेंटर में तैनात सैनिकों के परिवारजनों एवं आश्रितों के लिए 'साइबर जागरूकता' विषय पर एक संवादात्मक व्याख्यान आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य डिजिटल युग में बढ़ते साइबर खतरों के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा सुरक्षित एवं जिम्मेदार ऑनलाइन व्यवहार को प्रोत्साहित करना था। व्याख्यान के दौरान सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग, साइबर अनुशासन, व्यक्तिगत गोपनीयता की सुरक्षा, ऑनलाइन वित्तीय धोखाधड़ी, फिशिंग, फर्जी लिंक, क्यूआर कोड और साइबर बुलिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई।




# महाआंदोलन को लेकर संगठन की तैयारियां तेज

▸ प्रदेश पदाधिकारियों का कर्मचारियों से भोपाल पहुंचने का आह्वान

**अनूपपुर, नवभारत 26 जुलाई।** मध्य प्रदेश बाह्य स्त्रोत विद्युत कर्मचारी संगठन के आगामी 2 अगस्त को भोपाल के अंबेडकर मैदान में प्रस्तावित राज्यस्तरीय महाआंदोलन को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं।

आंदोलन की तैयारियों के सिलसिले में अनूपपुर के आशीर्वाद मैरिज गार्डन में जनजागरण सभा आयोजित की गई, जिसमें जिलेभर के सैकड़ों आउटसोर्स विद्युत कर्मचारी शामिल हुए।

सभा में संगठन के प्रदेश सचिव राहुल मालवीय एवं पूर्व क्षेत्र प्रभारी सतीश साहू ने कर्मचारियों को संबोधित करते हुए आंदोलन की रूपरेखा और मांगों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संगठन द्वारा प्रदेश के विभिन्न जिलों में जनजागरण अभियान चलाकर कर्मचारियों को उनकी मांगों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

### भोपाल में आयोजित होगी आमसभा

उन्होंने सभी कर्मचारियों से 2 अगस्त को अधिक से अधिक संख्या में भोपाल पहुंचकर महाआंदोलन को सफल बनाने की अपील की। संगठन के अनुसार 2 अगस्त को भोपाल के अंबेडकर मैदान में विशाल आमसभा आयोजित की जाएगी। इसके बाद हजारों आउटसोर्स कर्मचारी अंबेडकर मैदान से वल्लभ भवन तक रैली निकालकर मुख्यमंत्री के नाम 21 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपेंगे।

# पीएम ग्राम सड़क में बड़ा गड्ढा, हादसे का खतरा



**राजनगर, नवभारत 26 जुलाई।** रामनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत फुलकोना में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निर्मित पेंड्रा-चिरमिरी रोड से कोतमा व्हाया लहसुई मार्ग पर इन दिनों बड़े-बड़े गड्ढे हादसों को न्योता दे रहे हैं। फुलवारीटोला तिराहा स्थित गुप्ता होटल के पास सड़क पर बने बड़े गड्ढे के कारण आए दिन दोपहिया वाहन चालक गिरकर घायल हो रहे हैं। वहीं चारपहिया वाहनों को भी नुकसान पहुंच रहा है। जानकारी के अनुसार पेंड्रा-चिरमिरी रोड से कोतमा व्हाया लहसुई मार्ग की लंबाई 10.210 किलोमीटर है। सड़क का निर्माण 341.65 लाख रुपये की लागत से कराया गया है।

### दोपहिया वाहन चालक हो रहे दुर्घटना का शिकार

बरसात के मौसम में सड़क के गड्ढों में पानी भर जाने के कारण वाहन चालकों को गड्ढे की गहराई का अंदाजा नहीं लग पाता। इससे दोपहिया वाहन चालक दुर्घटना का शिकार हो रहे हैं। स्थानीय लोगों के अनुसार फुलवारीटोला तिराहा के अलावा लहसुई के पास भी सड़क पर कई स्थानों पर गड्ढे हो गए हैं।

### मरम्मत नहीं होने से ग्रामीणों में नाराजगी

स्थानीय ग्रामीणों एवं क्षेत्रवासियों का कहना है कि सड़क का निर्माण हाल ही में पूरा हुआ है, लेकिन जगह-जगह गड्ढे होने से आवागमन प्रभावित हो रहा है। ग्रामीणों ने निर्माण एजेंसी से फुलवारीटोला तिराहा सहित लहसुई मार्ग पर बने सभी गड्ढों की तत्काल मरम्मत कराने की मांग की है।

### इनका कहना है

फुलकोना तिराहा में पेंड्रा-चिरमिरी रोड से कोतमा व्हाया लहसुई सड़क मार्ग पर गड्ढे होने की जानकारी मिली है। ठेकेदार को निर्देशित कर अतिशीघ्र गड्ढों की मरम्मत करा दी जाएगी।

**दीपेश रावल**
**महाप्रबंधक, म.प्र. ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण अनूपपुर**

# नशामुक्त समाज के लिए सामूहिक प्रयास जरूरी : मरकाम

**अनूपपुर, नवभारत 26 जुलाई।** रविवार को जिला खेल परिसर अनूपपुर में नशे से है दूरी जरूरी अभियान के तहत नशामुक्ति जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में वॉलीबॉल और कबड्डी प्रतियोगिताओं के साथ चित्रकला, रंगोली, भाषण एवं नारे लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित कर युवाओं और आमजन को नशे के दुष्परिणामों से दूर रहने का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला वॉलीबॉल संघ के अध्यक्ष एवं राष्ट्रीय श्रमजीवी पत्रकार परिषद शहडोल संभाग के संभागीय अध्यक्ष चैतन्य मिश्रा ने की।




### जैतहरी ने जीता वॉलीबॉल का खिताब

वॉलीबॉल प्रतियोगिता में जैतहरी की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि राजनगर की टीम उपविजेता रही। कबड्डी प्रतियोगिता में माइकल क्लब अनूपपुर की टीम ने विजेता का खिताब अपने नाम किया। चित्रकला प्रतियोगिता में डीएवी पब्लिक स्कूल एमबी पावर जैतहरी की छात्राओं ने बेहतर प्रदर्शन किया। परिधि मिश्रा प्रथम, त्रिशिका जायसवाल द्वितीय और तनिष्का तृतीय स्थान पर रहीं।

### नशामुक्ति का संदेश देना प्रभावी पहल

मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं प्रभारी जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी जगन्नाथ मरकाम ने कहा कि नशे से है दूरी जरूरी अभियान पुलिस महानिदेशक के निर्देश पर प्रदेशभर में संचालित किया जा रहा है। खेल गतिविधियों के माध्यम से नशामुक्ति का संदेश देना प्रभावी पहल है। उन्होंने कहा कि समाज में फैली नशे जैसी विषैली बीमारी को समाप्त करने के लिए सभी वर्गों को मिलकर प्रयास करना होगा।

# देवशयनी एकादशी पर निकाली गई प्रभात फेरी



**नवभारत, जबलपुर।** आषाढ़ मास शुक्ल पक्ष शनिवार को देवशयनी एकादशी पर्व पर विवेक अग्रवाल के निवास पी एन तिवारी का बाड़ा महादेव मंदिर पड़ाव जगदीश बस्ती से प्रात:बेला में प्रभात फेरी निकाली गई एवं जगन्नाथ स्वामी के सामने एकादशी उत्सव मनाया गया। यह प्रभात फेरी 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में रामलल्ला की प्राण प्रतिष्ठा के समय से प्रत्येक एकादशी को निरंतर निकाली जा रही है। शनिवार को निकाली गई यह प्रभात फेरी पड़ाव, सब्जी मंडी, अन्नपूर्णा मंदिर, चरहाई, शंकर घी भण्डार, बड़ी महाकाली और जगदीश मंदिर से होते हुए हनुमान मंदिर अखाड़े गढ़ाफाटक में जगन्नाथ स्वामी के सामने संपन्न हुई।

### जगन्नाथ स्वामी की आज होगी वापसी

इसके बाद आज 26 जुलाई रविवार शाम 4 बजे हनुमान मंदिर अखाड़े से जगन्नाथ स्वामी की वापसी विभिन्न मार्गों से होती हुई जगदीश मंदिर गढ़ा फाटक में संपन्न होगी। इस धार्मिक आयोजन के अवसर पर मनमोहन दुबे, सुरेंद्र गिरी गोस्वामी, अमित विश्नोई, देवेंद्र नेमा, वीरेंद्र नामदेव, ब्रजेश अग्रहरी, नरेश मोढ़ा, श्याम गुप्ता, नरेश कसरा, विशाल पढ़या, मुकेश केसरवानी, अनिल सुहाने, संजय सराफ, मातृशक्ति सुषमा गोस्वामी, भावना अग्रवाल, रंजीता केसरी, मंजू कोष्टा, अर्चना पटेल, संगीता केसरवानी, शशि रानी, तारा सेन, भानु रैकवार, अर्चना यादव, उषा जाधव और भूमि सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



# सफाई मित्र ननि के असली ब्रांड एंबेसडर : निगमायुक्त

**नवभारत, जबलपुर।** शहर को स्वच्छ, सुंदर और स्वास्थ्यप्रद बनाने की दिशा में एक नई पहल करते हुए नगर निगम द्वारा सफाई मित्रों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने सफाई मित्रों से सीधा संवाद किया और उनके कार्य की सराहना करते हुए उनका मार्गदर्शन किया। इस मौके पर निगमायुक्त ने स्पष्ट कहा कि सफाई मित्र नगर निगम के असली ब्रांड एंबेसडर हैं। सफाई मित्र केवल कचरा उठाने वाले नहीं, बल्कि नगर निगम के वास्तविक प्रतिनिधि हैं। जब वे फील्ड में उतरते हैं, तो उनकी छवि ही पूरे निगम की छवि को दर्शाती है। उन्होंने निर्देश दिया कि सफाई मित्र नागरिकों से मित्रवत और सम्मानजनक संवाद स्थापित करें, ताकि शहरवासी स्वच्छता को अपनी व्यक्तिगत जिम्मेदारी समझ सकें।

तस्करी | बाइक और मोबाइल सहित 2 .27 लाख का मशरूका किया जब्त

# 10 किलो गांजे के साथ 2 आरोपी गिरफ्तार

**कोतमा नवभारत 26 जुलाई। जिले में चलाए जा रहे नशा विरोधी विशेष अभियान के तहत थाना कोतमा पुलिस ने मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों पर बड़ी कार्रवाई की है।**

पुलिस ने बाइक सवार दो युवकों के कब्जे से 9.865 किलोग्राम अवैध गांजा, घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल और मोबाइल बरामद कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। जप्त किए गए कुल मशरूके की अनुमानित कीमत 2.27 लाख रुपये बताई जा रही है।



### मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने बिछाया जाल

गश्त के दौरान पुलिस को मुखबिर से सटीक सूचना प्राप्त हुई। खबर मिली कि जमगांव-सेमरिया मार्ग से एक मोटरसाईकिल पर सवार दो व्यक्ति सफेद बोरी में अवैध गांजा लेकर कोतमा की ओर आ रहे हैं। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कोतमा निरीक्षक रत्नांबर शुक्ल के नेतृत्व में एक विशेष पुलिस टीम तुरंत रवाना की गई।

### घेराबंदी कर बाइक सवारों को दबोचा

जमगांव की ओर से आ रही संदिग्ध मोटरसाइकिल (क्रमांक एमपी 65 जेडबी 8205) को रोककर जब पुलिस ने पूछताछ की, तो चालक ने अपना नाम सूरज यादव तथा पीछे बैठे युवक ने अपना नाम दिलीप साहू बताया।

संदिग्धों के बीच रखी सफेद रंग की बोरी की तलाशी लेने पर उसमें से 9.865 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद हुआ।

### मुख्य सप्लायरों की तलाश जारी

आरोपियों के विरुद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया है। कड़ाई से पूछताछ करने पर आरोपियों ने खुलासा किया कि वे यह गांजा परमानंद पनिका उर्फ गोलू (निवासी मौहरी) और बेनीप्रसाद मेहरा (निवासी मौहरी) से लेकर आ रहे थे। पुलिस ने मुख्य सप्लायरों को भी मामले में सह-आरोपी बनाते हुए उनकी तलाश शुरू कर दी है।